<u>समाचार</u>

जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण, सर्वोच्च प्राथमिकता–महापौर

(दर्री जोन कार्यालय में निदान शिविर का हुआ आयोजन)

कोरबा 26 फरवरी 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि आमजनता की विभिन्न समस्याओं का निराकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता पर है तथा निदान शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित निराकरण उनके जोन, वार्ड में पहुंचकर किया जाए। उन्होने कहा कि निगम के निदान शिविरों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है, लोग समस्याएं लेकर शिविरों में पहुंच रहे हैं, उनकी समस्याएं दूर हो रही हैं।

उक्त बातें महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज दर्री जोन कार्यालय में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ''निदान'' में कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा '' आपकी सरकार–आपके द्वार '' की तर्ज पर विगत 15 फरवरी से जोन कार्यालयों में निर्धारित तिथियों में जनसमस्या निवारण शिविर निदान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सरदार पटेलनगर जमनीपाली स्थित निगम के दर्री जोन कार्यालय में निदान शिविर का आयोजन किया गया। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने शिविर में पहुंचकर वहां पर अपनी समस्याएं लेकर आए नागरिकों से भेंट की, उनकी समस्याओं को ध्यान से सुना तथा त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महापौर श्री प्रसाद ने इस मौके पर कहा कि निगम द्वारा लोगों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निदान शिविरों का आयोजन किया गया है, जहां पर पेयजल, सड़क रोशनी, साफ–सफाई, सम्पत्तिकर, राशन कार्ड, भवन निर्माण अनुमति, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित शासन की विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण व विकास कार्यो तथा निगम की अन्य प्रमुख सेवाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। महापौर श्री प्रसाद ने आगे कहा कि जिस प्रकार से छत्तीसगढ़ सरकार लगातार प्रदेश के लोगों के हित में कार्य कर रही है, ठीक उसी प्रकार नगर निगम कोरबा भी आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में पूर्ण रूप से सजग है तथा पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रहा है। उन्होने निदान शिविर के विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया, वहां की व्यवस्थाओं को देखा, प्राप्त आवेदनों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त ने किया शिविर का सघन निरीक्षण– आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने दर्री जोन कार्यालय में आयोजित निदान शिविर का सघन रूप से निरीक्षण किया, उन्होने विभिन्न काउंटरों में पहुंचकर की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया तथा शिविर में उपस्थित अधिकारियों को शिविर संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होने अधिकारियों से कहा कि तुरंत निराकृत होने वाली समस्याओं को तुरंत दूर करें तथा जिन समस्याओं का तुरंत निराकरण संभव नहीं हो पाता, उन आवेदनों को पंजीकृत कर क्रमशः निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

01 मार्च को सर्वमंगला में शिविर – निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे जन समस्या निवारण शिविर निदान के आयोजन की अगली कड़ी में 1 मार्च को सर्वमंगला जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 3 मार्च को बांकीमोगरा जोन कार्यालय में निदान शिविर आयोजित होगा। निगम द्वारा संबंधित वार्ड के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचे तथा अपनी समस्या बताएं ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके।

आज आयोजित शिविर में मेयर इन काउंसिल सदस्य सुनील पटेल, रोपा तिर्की, मस्तुल सिंह कंवर, पार्षद बुधवार सायं यादव, विजय साहू, ममता साहू, प्रेमचंद ज्वाला पाण्डेय, कविता नारायण सिंह, पुष्पा देवी कंवर, अमित मिंज, फिरतराम साहू, अरूण वर्मा, एल्डरमेन आशीष अग्रवाल, पुरानदास महंत, मनीराम साहू, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, सहायक अभियंता योगेश राठौर, बनवारी आदित्य, डॉ.एल.पी.साहू, बी. पी.नामदेव, विवेक श्रीवास, भुनेश्वर दुबे, शंकरदास महंत, सुनीता केशरवानी, सरस्वती कंवर, राकेश्वरी शर्मा, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, किरण मसीह आदि के साथ काफी संख्या में शिविर में पहुंचे नागरिकगण व निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।